>

Title : Need to set up a Trauma Centre at Gajraula in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र नागपाल (अमरोहा): मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी, भारत सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र अमरोहा में पड़ने वाले नेशनल हाईवे- 24 पर यातायात के द्वारा आकस्मिक दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ट्रामा सेंटर न होने पर आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे लोक सभा क्षेत्र अमरोहा में नगर गजरौला से होकर जाने वाला नेशनल हाईवे-24 अति व्यस्त मार्ग है। नगर गजरौला से 50-50 कि0मी0 दूरी पर आकस्मिक दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए इस मार्ग पर त्वरित स्वास्थ्य लाभ हेतु कोई भी हास्पिटल नहीं है, जो कि स्वास्थ्य संबंधी निदान हेतु सक्षम हो। उक्त राजमार्ग पर दुर्भाग्यवश प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में लोग दुर्घटनाग्रस्त होने पर व समय से इलाज नहीं मिलने के कारण मौत के काल में चले जाते हैं जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निराशाजनक है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में स्थित नगर गजरौला में ट्रामा सेंटर तत्काल प्रभाव से बनवाने की कृपा करें।